परिक्षेत्रीय कार्यालय, परिक्षेत्र बस्ती

प्रेस नोट
दिनांक – 16-09-2025

- **डीआईजी बस्ती द्वारा थाना सिद्धार्थनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सनई के गंगा पैलेस मे लगाया गया जनचौपाल। लोगों से किया गया जनसंवाद।**
- **आमजन को चोर/ड्रोन संबंधी अफवाहों ,मॉब लिंचिंग तथा चोरी की घटनाओं के प्रति किया गया जागरूक।**

आज दिनांक 16.09.2025 को पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर श्री अभिषेक महाजन के साथ थाना सिद्धार्थनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सनई के गंगा पैलेस के परिसर में जनचौपाल आयोजित कर आमजन से संवाद किया गया। जनचौपाल के दौरान जनता से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुना गया तथा त्वरित समाधान का आश्वासन दिया गया। उपस्थित सभी लोगो को ड्रोन/चोरी/चोर संबंधी अफवाहों से सचेत करते हुए जागरूक किया गया तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लागू "ड्रोन प्रचालन सुरक्षा नीति-2023" के मुख्य बिंदुओं जैसे ड्रोन उड़ाने से पूर्व संबंधित थाने में पंजीकरण कराने, किसी भी प्रकार से ड्रोन का उपयोग करने से पूर्व थाना स्तर से अनुमति प्राप्त करने , ड्रोन का अनधिकृत उपयोग करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही होने आदि से अवगत कराया गया।

डीआईजी बस्ती द्वारा आमजन से अपील किया गया कि-

- किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, वस्तु अथवा ड्रोन उड़ान की सूचना तत्काल पुलिस को दें। चोरी/लूट की घटनाओं की रोकथाम हेतु सतर्क रहें तथा अफवाहों पर ध्यान न दें।
- किसी अजनबी अथवा मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को चोर मानकर कानून अपने हाथ में न लें, बल्कि तत्काल पुलिस को सूचित करें।
- रात्रि गश्त एवं नाइट पुलिसिंग में पुलिस को पूरा सहयोग प्रदान करें।

डीआईजी बस्ती द्वारा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर को जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में प्रभावी निगरानी एवं एलआईयू को सक्रिय रखने, रात्रि गश्त को और अधिक सघन बनाकर चेकिंग अभियान चलाने, ड्रोन संबंधी किसी भी सूचना पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने तथा ड्रोन प्रचालन सुरक्षा नीति-2023 के अनुपालन का ध्यान रखने व सोशल मीडिया/अफवाहों पर भी निरंतर निगरानी रखते हुए साइबर टीम को सक्रिय करने आदि हेतु निर्देशित किया गया।

उक्त अवसर पर श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर, श्री विश्वजीत सौरयान (IPS) क्षेत्राधिकारी सदर, श्री सुजीत कुमार राय क्षेत्राधिकारी यातायात, श्री मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी बांसी, सुश्री रोहिणी यादव क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षणाधीन, श्री मीरा चौहान थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर, श्री दुर्गा प्रसाद प्रभारी निरीक्षक थाना सिद्धार्थनगर व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी /कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मीडिया सेल
परिक्षेत्र बस्ती